तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024



12 हसदेव अरण्य बचाने के लिए निकले सायकिल ...



12 सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट कारगर ...



खबर संक्षेप

## तहसीलदार ने सीमांकन कार्यों का किया निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी एवं अन्य ग्रामों में तहसीलदार उमाकांत जायसवाल के निर्देश पर विकासखंड की किसानों का सीमांकन कार्य पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किसानों का सीमांकन कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र ग्राम सिवनी में किसानों का सीमांकन किया, जिसमें पटवारी, तहसीलदार, ग्राम के पटेल, गायता, वार्ड पंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दिवयांग बच्चों को दिया गया उपकरण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 10 जनवरी को समग्र शिक्षा के अन्तर्गत समावेशी शिक्षा के तहत नौ दिव्यांग बच्चों को खड स्त्रोत समन्वय को 10 बजे बीईओ एसपी कोसरे, बीआरसी लतीफ सोम के द्वारा दिव्यांग बच्चों डिकेश्वर कुमार को सीपी चेयर, सिवही , प्रिन्स कुमार और अनिल कुमार को व्हील चेयर, अमीषा को श्रवण यंत्र, नन्दकिशोर को ट्रायसायकल, दिलेश्वरी, रूपेश कुमार और खिलेन्द कुमार को मैग्नीफाई ग्लास दिया गया। इस अवसर पर भूपेश कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार उयके, युगल किशोर नेताम एवं पालक व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## आज 16 गांवों में होगा शिविरों का आयोजन

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी प्रकार 11 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के नवागांव एवं गोडरी, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के केंवटी, आसुलखार, डूमरकोट एवं बैजनपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव एवं पिपरौद, कांकेर विकासखण्ड के व्यासकोंगेरा एवं पुसवाड़ा, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के नागलदण्ड, हनुमानपुर, मुरावंडी एवं मदले तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सारण्डा एवं कुम्हानखार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## जिले के गांवों में होंगे संकल्प यात्रा शिविर

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी प्रकार आज 11 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के नवागांव एवं गोडरी, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के केंवटी, आसुलखार, डूमरकोट एवं बैजनपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव एवं पिपरौद, कांकेर विकासखण्ड के व्यासकोंगेरा एवं पुसवाड़ा, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के नागलदण्ड, हनुमानपुर, मुरावंडी एवं मदले तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सारण्डा एवं कुम्हानखार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# माताओं एवं बच्चों में भाषा एवं गणितीय कौशल का होगा समुचित विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में अंगना म शिक्षा विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण में खेल-खेल में छात्रों को पढाने की खास तरीके बताए गए। बच्चों की माताओं को भी जोड़ने का प्रयास किया गया। इस तरीके को देख बच्चों में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षण में नरहरपुर ब्लाक के समस्त संकुल केंद्र से दो-दो शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स बीआरजी ममता साहू एवं मधुलिका सिन्हा के द्वारा विस्तार से सभी महिला शिक्षकों को माता उन्मुखीकरण के लिए प्रेरित किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 5 से 8 वर्ष के बच्चों एवं उनकी माताओं के लिए है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा कौशल एवं गणितीय कौशल का विकास करता है। इस कार्यक्रम से बच्चों को स्कूल रेडिनेंस के लिए भी तैयार किया जाता है।

इस योजना को जो भी गतिविधियों करायी जाती है वह घर और आस-पास उपलब्ध सामग्री से करायी जाती है। इसमें पहेली और दूसरी के बच्चों के लिए माहवार गतिविधियों है। इस प्रशिक्षण को खण्ड शिक्षा अधिकारी कीर्ति कुमार साहू एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल द्वारा शुरूआत किया गया।

### प्रशिक्षण में खेल-खेल में छात्रों को बताए पढ़ाने के तरीके

**प्रत्येक माह दो-दो गतिविधियां होंगी**

प्रत्येक माह दो-दो गतिविधियाँ करवाई जाएंगी जिसमें जनवरी माह भाषा कौशल के लिए आओ शब्द बनाएँ, गणित कौशल के लिए आओ बंडल बनाएँ, फरवरी माह भाषा कुर्सी दौड गणित, ध्वनि पहचान, मार्च माह भाषा, रिंग फसाओ नाम बताओ, गणित गोटा खेल, इसके बाद 25 अप्रैल को पढ़ई तिहार का आयोजन करना हैं व बच्चों एवं जिसमें आगनबाडी माताओं को शामिल करना है।



**भारत का साकार होगा सपना**

माताएँ बच्चों को घर पर ही उपलब्ध सामग्री से गतिविधियों कराते हुए स्कूल रेडिनेस के लिए तैयार करेंगी। माता एवं बच्चों की झिझक दूर होगी तथा माता एवं बच्चो में अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा साथ ही बच्चे स्कूल में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे जो निपुण भारत का सपना साकार करेगा।

**अभियान : केंद्र की योजनाओं से जुड़े विभागों ने लगाए स्टाल, शहरवासियों ने ली जानकारी**

# मोदी की गारंटी अब धरातल पर दिखने लगी, जनता का पीएम पर बढ़ा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अतिथियों ने योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को वितरित किया चेक
- विधायक नेताम ने कार्यक्रम का सही प्रचार प्रसार नहीं करने पर नाराजगी भी जताई

कांकेर नगरीय क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मोदी की गारंटी अब धरातल में दिखने लगी है और जनता को विश्वास हो गया कि भाजपा ही भारत को विश्व गुरू बनाने में सफल हो पाएगी। मुख्य अतिथि ने आयोजित कार्यक्रम का सही ढंग से प्रचार प्रसार नहीं करने पर नाराजगी भी जताया।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की जनता के लिए जो योजनाएं संचालित की है, उनका लाभ गाँव के अंतिम व्यक्ति को मिले, इसी उद्देश्य को लेकर विकसित भारत संकल्प के तहत योजनाओं की जानकारी देने के लिए गाँव गाँव मोदी का वाहन पहुँच रहा है। सभी विभागों के स्टाल लगाए गए है, जिससे योजना की जानकारी ले सकते है और इससे कैसे लाभ मिलेगा, यह भी जान सकते है। इस कार्यक्रम में माताओं की संख्या ज्यादा है, क्योकि इनके नाम में राशन कार्ड है, राशन कार्ड के साथ साथ हर योजना माताओ को लाभ देने के लिए भाजपा सरकार ने बनाया है। भारत माताओं का देश है, भारत में माताओं की जय जयकार होती है। यह लोग घर चलाते है, परिवार चलाते है, इनको पूरे परिवार की चिंता होती है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाएं। भाजपा सरकार ने माताओं को पहले प्राथमिकता दिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृवंदन योजना महिलाओं के लिए चालू किया है, धुआं से बचने के लिए उज्जवला योजना शुरू किया है। भारत ही ऐसा देश है जहाँ सबसे पहले भारत माता की जय, शीतला माता की जय, सरस्वती माता की जय सुनेंगे। हम सब सहयोग करेंगे, तभी हमारा देश समृद्ध होगा। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा, पार्षद उगेश्वरी उइके, मीना उके, गिरधर यादव, राजकुमार फव्यानी, विजय लखवानी, अधिकारियों में सीएमओ सोहेल कुमार, सब इंजीनियर राजेश मिश्रा, राहुल थवानी, वीरेंद्र लोन्हारे, संजय सिंह चौहान, महेंद्र श्याम कार्तिक, डोरेलाल जैन, मो. सलमान, जगदीश साहू, सौरभ श्रीवास्तव, अभिजीत दत्ता राय, बीएमओ शशांक गुप्ता व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।





**मोदी की योजनाओं का उठाएं लाभ**

नगर पालिका अध्यक्ष सरोज ठाकुर ने कहा कि मेरी सोच यही है कि सरकार किसी को हो, हमें आमजनता की सहुलियत के लिए सबको मिलकर काम करना चाहिए। कांकेर में बहुत अच्छे से एक ही मंच पर पक्ष विपक्ष दोनो पार्टी काम करते आ रहे है, बहुत ही अच्छा सामंजस्य बैठा है, इसलिए मै बहुत खुश हूँ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत का जो भी कार्य योजना है, उसका आप सभी लाभ उठाएं, उसका फायदा मिलना चाहिए, सभी लाभ उठाएं।

**गांव के अंतिम व्यक्ति को मिलेगा लाभ**

नगर पालिका के प्रतिपक्ष नेता जयंत अटभैया ने कहा कि केंद्र सरकार की जितनी योजनाएं चल रही है, उसे हम अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाए, इसके लिए देश के पीएम मोदी ने यह रथ तैयार कर दिल्ली से प्रत्येक गांव और प्रत्येक शरह भेज रहे है ताकि मोदी सरकार की जो विभिन्न योजनाएं है, उसका लाभ आप सभी उठाएं और इस योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल सके।

## तहसीलदार ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंडल के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र हाटकोदल, दमकसा, पुजारी पारा का दौरा कर धान खरीदी केंद्र का तहसीलदार उमाकांत जायसवाल द्वारा निरीक्षण कर शासकीय योजना की प्रगति का जायजा लिया तथा किसानों से मुलाकात कर योजनाओं का की जानकारी दी।

धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण का टोकन और बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली, वहीं किसी प्रकार से किसानों को तकलीफ ना हो। धान खरीदी केंद्र एवं खरीदी प्रभारी को निर्देश देते हुए किसानों को सुविधा उपलब्धता करने की बात कही। धान खरीदी केंद्र में बारदाना, पेयजल , टोकन और अन्य सुविधाओं के संबंध में किसानों से जानकारी लेकर सुविधा उपलब्ध कराने की बातें कही एवं साथ किसी प्रकार से किसानों को समस्या नहीं होना चाहिए निर्देश जारी किया गया।

इसके अलावा किसानों से अन्य जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा करते हुए धान का समर्थन मूल्य का भुगतान, पिछला बोनस सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए तहसीलदार ने किसानों को धान साफ सफाई एवं नमी युक्त धान लाने को कहा गया।

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद में कोयलीबेड़ा ने की जीत



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय कौडौसालेभाट में किया गया जहां क्षेत्र के 18 पंचायत के 12 संकुल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। ब्लाकस्तरीय खेल में कोयलीबेड़ा संकुल को प्रथम स्थान मिला है।

तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी संकुल के खिलाड़ियों ने भाग लेकर जौहर दिखाया, जहां खेलकूद के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य और प्रहशन भाषण प्रस्तुत किया गया। खेल में प्रथम स्थान कोयलीबेड़ा संकुल, द्वितीय स्थान में कौड़ों सालेभाट एवं तीसरी स्थान पर चारगांव संकुल के प्रतिभागी रहे। खेल में चैंपियन संतलाल संकुल उदनपुर एवं देविका पोटाई संकुल कौडौसालेभाट को चैंपियन प्रदान किया गया कोयलीबेडा संकुल को प्रथम स्थान मिलने पर शाला परिवार सहित छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्राचार्य जीआर गढ़िया, आरआर हिड़को, लक्ष्मी आंचला, डीएस आंचला, जयंत शांडिल्य, मनोतरी धुर्वा सहित समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने मतदान केंद्रों में सुविधाओं की जांच की



**कांकेर।** जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी, कानापोड़ तथा जैसाकर्रा के मतदान केन्द्रों का बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े ने निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से मतदाता जनसंख्या अनुपात इपिक रेशो, कुल मतदाताओं की संख्या, महिला एवं पुरूष मतदान प्रतिशत एवं अन्य आवश्यक जानकारी लिया।

कमिश्नर धावड़े ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध होना चाहिए। इस दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार एवं हटाने संबंधी कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवा एवं पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने से छूट ना पाए। इस अवसर पर चारामा एसडीएम राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हसदेव क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और कोयला खनन पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



हसदेव अरण्य क्षेत्र में आदिवासियों के विस्थापन, पेड़ पौधे काटने से रोकने एवं भारत देश के आदिवासियों के विकास के नाम पर, फैक्ट्री, सड़क, बांध, बिजली, खनिज आदि के नाम पर जल जंगल जमीन से मूलनिवासियों को विस्थापन से रोकने के संबंध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेखित है कि हसदेव अरण्य उत्तर छत्तीसगढ़ में 1 लाख 70 हजार हेक्टेयर में फैला एक सघन, समृद्ध एवं जैवविविधता से परिपूर्ण वन क्षेत्र है। हसदेव अरण्य संविधान की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में शामिल है, जहाँ पेसा कानून 1996 और वन अधिकार मान्यता कानून, 2006 लागू है। हसदेव अरण्य के आदिवासी समुदाय और उनकी ग्राम सभाएं पिछले एक दशक से इस क्षेत्र में कोयला खनन के विरोध में लगातार प्रस्ताव पारित किए है और संघर्षरत है। पिछली राज्य सरकार ने हसदेव अरण्य में परसा ईस्ट केतेबासन कोयला खदान के फेस-1 और नई खदान परसा कोलब्लाक को ग्रामसभा के विरोध के बावजूद स्वीकृति जारी की, जिसके विरोध में प्रभावित गाँव के लोग 670 दिनों से भी अधिक समय से हरिहरपुर गाँव में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है, इसके बावजूद भी कटाई की जा रही है।

गोगपा की माँग है कि हसदेव के जंगल छत्तीसगढ़ के फेफड़े है, हसदेव नदी और बांगो बांध का कैचमेंट है, असंख्य वन्यजीवों समेत हाथी और बाघ का महत्वपूर्ण रहवास है, ▶▶| शेष पेज 10 पर

**कलेक्टर ने ली बैठक अफसरो को दिए निर्देश**

# गणतंत्र दिवस गरिमामय ढंग से मनाएंगे, विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय ढंग से किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण प्रातः 7.30 बजे किया जाएगा तथा राष्ट्रगान होगा।

आयोजित बैठक में जिला स्तरीय समारोह नरहरदेव शाउमा विद्यालय के खेल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, मार्च पास्ट ट्रैक निर्माण एवं परेड ग्राउंड के समतलीकरण का दायित्व लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। साफ-सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था की जाएगी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मैदान के चारों ओर फ्लैग पोल लगाकर रंगीन झंडे लगाए जाएंगे। माइक की व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी विद्युत एवं यांत्रिकी द्वारा की जाएगी। विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए चयन समिति बनाई जाएगी। मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित संपूर्ण तैयारियों का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को रेखांकित करते हुए झांकी निकाली जाएगी।

कलेक्टर ने निर्धारित समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने, मुख्य मंच, शहीदों के परिवारों की बैठक व्यवस्था, पत्रकार दीर्घा, दर्शकदीर्घा की बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, उद्घोषक आदि के संबंध में कलेक्टर ने अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, एसडीएम मनीष साहू सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दिनी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 17 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 385 रिक्तियों के आधार पर भर्ती किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दिया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सेक्युरिटी गार्ड के 200, सेक्युटरी सुपरवाईजर के 50, फायर मेन के 20, वाहन चालक के 10, होम केयर टेकर के 100 तथा डिलिवरी एसोसियेट के 05 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाएगा।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार कार्य शीघ्र करें विधायक की हिदायत



**दुर्गुकोंदल।** संबलपुर से दमकसा सड़क निर्माण को लेकर विलंब को देखते हुए भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने संज्ञान में लेते हुए ठेकेदार को कार्य में प्रगति लाने की निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि कार्य लंबे समय से चल रहा है और गति धीमी है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। परेशानी के साथ-साथ सड़क निर्माण में गुणवत्ता रोलर, पानी, अच्छे से करने की निर्देश ठेकेदार को दिया वहीं ठेकेदार ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया।

### अंगना में शिक्षा प्रशिक्षण में गणतीय जानकारी दी गई

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय अंगना में शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड अंतर्गत समस्त संकलन से दो-दो महिला शिक्षिकाओं का नाम चयन कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 5 से 6 साल के बच्चों में उनके दिमागी विकास को विकसित करने का है। इसके बारे में मास्टर ट्रेनर एवं बीआरसी सर के द्वारा विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के प्रशिक्षण एम में बताया गया कि सत्र में तीन मेलों का आयोजन किया जाना है इस कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं दूसरी की बच्चों को शामिल किया जाना है एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है। गतिविधियों में जैसे आओ शब्द बनाएं, गणितीय गतिविधि, आओ बंडल बनाएं इत्यादि। प्रशिक्षण की मुख्य बातों में माता में बच्चों की सक्रिय भूमिका जहां माता की समझ नहीं बनी वहां पर एम्स के सदस्य शिक्षक उनकी मदद करेंगे। गणितीय गतिविधि में 2 मिनट का टाइम लिमिट। कैसे बनाया गया है उसे विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त प्रशिक्षण में बीआरसी श्री राधेलाल नुरूटी, मास्टर ट्रेनर श्रीमती उपासना मडरिया, श्रीमती सारिका देहरी एवं संकुल स्तर के चयनित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मानकूराम सोढ़ी का किया गया स्मरण

**जगदलपुर।** शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में बुधवार को राजीव भवन में पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. मानकुराम सोढ़ी के 7 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके श्रेष्ठ कार्यों का स्मरण किया कर पुण्यतिथि मनाई गई। बस्तर के गाँधी के नाम से विख्यात पूर्व सांसद, एवं पूर्व मंत्री स्व. मानकुराम सोढ़ी 10 जनवरी को स्थानीय कांग्रेस राजीव भवन में पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद रहे शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, रविशंकर तिवारी, नरेंद्र तिवारी, धरम सोढ़ी, अंगद त्रिपाठी, जॉन सुता, भुवन झा, महेश द्विवेदी, संदीप दास, उस्मान रजा, अंकित सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष नीलम कश्यप, राजेश कुमार, सुलो कश्यप, हरदास बघेल, अनिल एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष ...

### हसदेव क्षेत्र में पेड़ों की कटाई ...

आदिवासी समुदाय की संस्कृति और आजीविका इनसे जुडी हुई है। पांचवी अनुसूची की ग्रामसभाओं के निर्णय का सम्मान होना चाहिए। इसके साथ ही विधानसभा के प्रस्ताव और वन्यजीव संस्थान की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए हसदेव के सभी कोयला खनन परियोजनाओं को निरस्त किया जाना चाहिए। हसदेव अरण्य में गैरकानूनी कोयला खनन गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। हसदेव के जंगलों को जिस प्रकार विकास के नाम पर काटा जा रहा है, इससे छत्तीसगढ़ में केवल विनाश ही विनाश होगा। इस अवसर पर रोहित मरकाम, घनश्याम जुर्री, प्रदीप कुमार साहू, नरेश कुंजाम, तुलसीराम, वैभव, सीताराम, जितेन्द्र मंडावी, बलीराम नेताम, तिलक मरकाम, जितेंद्र मंडावी व समस्त पदाधिकरी व सदस्य उपस्थित रहे।

**अपराध :** सीसीटीवी देखने के बाद यह तय हुआ कि रेकी करने वाले और गोली चलाने वाले अलग अलग थे

# भाजपा उपाध्यक्ष की हत्या पर मिले सुराग, एक-दो दिन में होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय हत्याकांड में बनी एसआईटी टीम व अन्य पुलिस टीम ने सैकड़ो सीसीटीव्ही कैमरे खंगालने के बाद कुछ सुराग हाथ लगे है। सीसीटीव्ही देखने के बाद यह तय हुआ कि रेकी करने वाले और गोली चलाने वाले अलग अलग थे और इस घटना में चार से पाँच लोगों के संलिप्त होने की आशंका है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल स्वंय पखांजुर में डेरा डाले हुए है और पूरी टीम की मानीटरिंग करने में लगे हुए है।

जानकारी के अनुसार पखांजुर में पुराना बाजार और नया बाजार में जिस दुकान में सीसीटीव्ही कैमरे लगे हुए थे, उन सभी के द्वारा मदद किए जाने के उपरांत कुछ ऐसे फुटेज जाँच टीम को मिले है कि जिससे हत्याकांड में शामिल लोगों की कड़ी जोड़ने में प्रयास किया जा रहा है। हत्याकांड में शामिल जाँच अलग अलग टीम को जो सुराग मिले है, उनकी लिंक जोड़ने का काम चल रहा है। गोली मारने का भी फुटेज मिला है, परंतु अंधेरा होने और गोली मारने वाले अपने चेहरे को पूरी तरह से ढके हुए है।



राय हत्याकांड: सभी एंगलों पर जांच करेगी एसआईटी, लोगों में आक्रोश

भाजपा जिला उपाध्यक्ष हत्याकांड में एसआईटी का हुआ गठन, नारायणपुर एएसपी को दी गई कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर में दो दिन पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय हत्याकांड में पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने एसआईटी का गठन नारायणपुर के एएसपी आईपीएस निखिल राखेचा के अध्यक्षता में बनाया। इस टीम में एएसपी, एसडीओपी, टीआई और सब इंस्पेक्टर मिलाकर 18 की टीम बनाया गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय हत्याकांड पुलिस के लिए चैलेंज हो गया है। भाजपा सरकार में भाजपा नेता की हत्या हो जाने से भाजपाई आक्रोशित हैं, वहीं कांग्रेस अब सत्ता के खिलाफ

■ टीम में एएसपी, एसडीओपी, टीआई और सब इंस्पेक्टर मिलाकर 18 लोग शामिल

एसडीओपी पखांजुर एवं कोंडागांव, टीआई और सब इंस्पेक्टर को लिया गया है।

अध्ययन करने के उपरांत यह स्पष्ट कर दिया था कि यह नक्सल घटना नहीं है। नक्सल घटना नहीं होने के बाद अब

बुलडोजर चलाने की किया माँग

पखांजुर क्षेत्र की जनता भी गुस्साई हुई है, वनमंत्री केदार कश्यप से कहा कि कांग्रेस के लोगों ने पाँच साल में जो आतंक मचाया है उनके खिलाफ भी यूपी के योगी की तरह बुलडोजर चलाना चाहिए। शांति से बैठने का समय नहीं है, पखांजुर की जनता रोते व बिलखते हुए यह सब वनमंत्री को बोल रही थी। पखांजुर की जनता में पाँच साल में जो हुआ उससे बहुत आक्रोशित नजर आई।

जनता ने कहा कि न्याय मिलना चाहिए

पखांजुर क्षेत्र की जनता ने विधायक विक्रम उसेंडी से कहा कि असीम हत्याकांड में न्याय मिलना चाहिए और क्षेत्र में जो कांग्रेस के पाँच साल में गुंडागर्दी हुई है, उन सब प्रकरणों को खोलकर उनकी जाँच होनी चाहिए और सलिप्त सभी पर कार्रवाई होना चाहिए। पाँच साल में हम लोग बहुत प्रताड़ित किए गए है, उसका अब हिसाब चुकाने का समय आ गया है। कई गाँव में कांग्रेसी सरपंच बहुत आतंक मचाकर भ्रष्टाचार किया है। उसकी भी जाँच करवाकर कार्यवाही किया जाना चाहिए।

धैर्य रखने की है जरूरत

पुलिस इस वीडियों और फोटो को वायरल नहीं कर रही है क्योकि घटना के दूसरे दिन जो फोटो वायरल की गई थी, वो गलत निकल गई थी, इसलिए इस बार वीडियो व फोटो वायरल नहीं किया जा रहा, बल्कि कई लोगों को थाना बुलाकर वीडियों को दिखाया जा रहा है, जिससे हुलिया को देखकर कुछ पता लगया जा सके। एक विडियो और मिला है, जिसमें रेकी करने वाले भी नजर आ रहे है। पुलिस इन मिले सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आगे लिंक जोड़कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

जाँच कर रही एसआईटी टीम के अधिकारी व सदस्य इस विषय पर अभी कोई अधिकृत बात नहीं कर रहे है। सूत्रों की मानें तो पुलिस को अभी जो सबूत मिले है, उसके आधार पर एक से दो दिन में इस हत्याकांड का खुलासा हो सकता है।

## पेंशन समाधान शिविर में मिली राहत, पेंशनरों ने जताई ख़ुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के विकासखण्डों में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है और पेंशनरों को राहत पहुँचाई जा रही है।

विगत दिनों जिले के संवेदनशील ईलाका कोयलीबेड़ा के उप कोषालय कार्यालय में 10 जनवरी को पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें नॉमिनी द्वारा ओपीएस विकल्प प्रस्तुत किया गया था, जिसका प्रकरण तैयार करने संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा जिला कोषालय भेजन के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बीईओ कोयलीबेड़ा के एक प्रकरण में जीपीएफ फाइनल पेमेंट में ऋणात्मक शेष संबंधित समस्या का निवारण पश्चात कोषालय मे बिल प्रस्तुत करने कहा गया है। बीईओ अंतर्गत एक सेवानिवृत्त कर्मचारी का अपने बच्चों के साथ संयुक्त खाता होने के कारण प्रकरण तैयार नहीं किया गया था, जिसका खाता पृथक कर प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सेवानिवृत्त पूर्व पेंशन प्रकरण की तैयारी करने विस्तृत जानकारी दी गई।

आयोजित शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एएस पैकरा, जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का विशिष्ट महत्व : मनीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सरस्वती ग्राम शिक्षण संस्थान जगदलपुर, बस्तर के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर जैतगिरी बकावंड में आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्या कु दिगेश्वरी वैष्णव ने बताया कि इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव में बस्तर जिला के अंतर्गत ग्राम भारती के 16 विद्यालय के 400 से अधिक भैया एवं बहनें पहुंचे हैं।

■ 16 विद्यालय के 400 से अधिक भैया एवं बहनें पहुंचे खेल स्पर्धा में

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत बस्तर के उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी विशिष्ट महत्व है, आज खेल के माध्यम से हमारे बच्चे कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, बड़े बुजुर्ग कहा करते थे कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब किंतु अभी खेलोगे कूदोगे बनोगे महान की कहावत चरितार्थ होती है। मंच में उपस्थित ग्राम भारती के संस्थान प्रतिनिधि हेमंत पांडे ने बताया कि आज देश भर में सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद सांस्कृतिक, प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न संस्कारों एवं राष्ट्रहित समाजहित की भावना जागृत करने वाला एकमात्र संस्थान है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्नेहलता बैस, जनपद सदस्य खिजेश्वरी बघेल, संस्थान के सभी पदाधिकारी, स्थानीय विद्यालय समिति एवं सभी बच्चों के पालक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### दक्षता संवर्धन पर हुई प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित पीएमश्री स्कूलों में दक्षता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन डाइट बस्तर में किया गया। इसमें नई शिक्षा नीति पर आधारित प्रमुख बिन्दुओं पर डॉ. जॉन ने सारगर्भित विचार साझा किये। वहीं सुभाष श्रीवास्तव द्वारा डीएलएम और नवाचारी गतिविधियों पर लर्निंग आउटकम की प्राप्ति के लिए शिक्षकों को सतत प्रयास करने का सरल तरीका समझाया गया। नेतृत्व और प्रबंधन पर चंद्रकांत पानीग्राही ने बताते हुए कहा कि शाला समुदाय और शाला प्रबंधन से सहभागिता निभाते हुए कुशलपूर्वक अपने स्टाफ, छात्र-छात्राओं तथा पालकों के मध्य सेतु निर्माण कर सफल नेतृत्व करना चाहिए। एक्शन रिसर्च पर आधारित समस्याओं के समाधान हेतु नीता मण्डल द्वारा अपने विचारों को साझा किया गया।

## जमीन बंटवारा : छोटे बेटे के साथ पिता ने बड़े बेटे पर किया जानलेवा हमला

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार में जमीन बंटवारे की बात को लेकर आरोपी पिता ने अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर बड़े बेटे के ऊपर टंगिया से जान लेवा हमला कर दिया। हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। अंतागढ़ के लामकन्हार के प्लाटपारा गावड़े खसगांव निवासी 36 वर्षीय फगनाथ गावड़े पिता कावे राम गावड़े ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी की रात को खाना खाकर सोया था, तभी मेरे रिश्ते की भांजी सुशीला दुग्गा घर आकर मुझे बताया कि उनके पिता रन्नु राम दुग्गा के साथ मारपीट हुआ है और गंभीर चोट लगा है। यह सुनकर मैं तुरंत रन्नु राम दुग्गा के घर गया तो देखा कि जीजा रन्नु राम



दुग्गा के सिर व शरीर के अन्य जगहो में चोट लगा था। दीदी मनोती बाई से पूछा तो बताई कि रात को करीबन 6-7 बजे रन्नु राम दुग्गा बाजार से वापिस घर ग्राम लामकन्हार आ रहा था। नाला के पास पहुंचा था तभी आरोपी मेरे ससुर लाम्कन्हार निवासी जंगलू राम दुग्गा और देवर रतेसिंग दुग्गा द्वारा मेरे पति से धक्का-मुक्की करते अपने घर की ओर ले जाने लगे। रन्नू राम के चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं और मेरी बेटी सुशीला दुग्गा घर से बाहर निकले तो देखे कि ससुर जगलू राम दुग्गा और देवर रतेसिंग दुग्गा द्वारा अपने घर के सामने मेरे पति को टंगिया से मार रहे थे और जोर-जोर से बोल रहे थे कि जमीन हमारा है, तुम्हें बंटवारा नहीं देंगे, आज तुम्हें जान से मार देंगे।

जान से मारने की धमकी देते हुए रन्नुराम दुग्गा को जान से मारने कि नियत से आरोपियों द्वारा टंगिया से प्राणघाती हमला किया गया, जिससे सिर, दाहिने हाथ व अन्य जगहो में चोट लगा है। घायल हो 108 वाहन से अंतागढ अस्पताल लाकर भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार बाद हायर सेंटर रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। शिकायत कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बस्तर की मेगा बजट हिन्दी फिल्म के लिए आडिशन 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में बनने जा रही मेगा बजट की फिल्म के लिए आडिशन 14 जनवरी से शुरु हो रहे है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जाने माने कलाकार एवं निर्देशक सूर्या ताम्रकर ने बताया की उनके द्वारा अब तक हल्बी बोली में सात फिल्म बनाई जा चुकी है जिसे बस्तर वासियों का अपार स्नेह मिला। इनमें से 2 फिल्में अब तक सिल्वर स्क्रीन पर टॉकिज में रिलिज हो चुकी है एवं शेष फिल्में दर्शको के बीच प्रोजेक्टर एवं यू-ट्यूब के माध्यम से प्रदर्शित की गई है।



■ स्थानीय कलाकारों को मिलेगा बॉलीवुड फिल्म में चांस

दर्शकों से मिले अपार प्रोत्साहन के बाद इस बार उन्होंने हिन्दी भाषा में पिक्चर बनाने का निर्णय लिया है। महिला सशक्तिकरण पर आधारित बॉलीवुड हिन्दी सिनेमास्कोप फिल्म के सभी कलाकार बस्तर से ही लिए जाएंगे। इसमें अभिनेता-अभिनेत्री, खलनायक, कॉमेडियन के साथ-साथ एक्शन स्टंट मैन, गायक-गायिका के लिए ऑडिशन हॉटल आकांक्षा में 14 फरवरी को लिए जाएंगे। 27 जनवरी से इस मेगा बजट के फिल्म की शुटिंग चालू हो जाएगी। अब तक सिनेमाघर में प्रदर्शित उनकी फिल्मों में 2018 की हल्बी बोली में जीवमुखी एवं 2023 की गोधन प्रमुख है। गोधन योजना पर आधारित इस फिल्म के लिए सूर्या ताम्रकर को पूर्व सीएम भूपेश बघेल से अवार्ड प्राप्त हुआ था। साथ ही 2017 में स्वच्छ भारत मिशन थीम पर आधारित फिल्म ओडिएफ आमचो गांव जो की 600 से अधिक पंचायतों में प्रदर्शित की गई थी के लिए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से अवार्ड प्राप्त हुआ था।

## 5 मंडियों में आवक व 11 मंडियों की आय 46.69 फीसदी कमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक (जेडी) ने संभाग के 11 मंडियों के सचिवों की समीक्षा बैठक ली। इसमें 5 मंडियों में से जगदलपुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर मंडी की आवक वर्ष 2022-23 से वर्ष 2023-24 के नवंबर माह में उपज की आवक कमी रही। इसके अलावा सभी 11 मंडियों की आय 46.69 फीसदी कमी होने से मंडियों की आय प्रभावित हो रही है। सचिवों ने बताया कि प्रशासन की टीम मंडी क्षेत्र में अवैध धान की निगरानी होने के चलते मंडियों में उपजों की आवक नहीं हो रही है। वहीं सभी उपमंडियों में साप्ताहिक बाजारों में छोटे संग्राहक उपज लेकर पहुंच रहे हैं।

■ टीम अवैध धान की कर रही निगरानी से मंडी में नहीं पहुंच रही उपज

### जांच कर अवैध धान को जब्त करें

कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने संभाग के सभी मंडियों में कलेक्टर के निर्देश पर गठित की गई टीमें जांच कर अवैध धान को जब्त कर कार्रवाई करें।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड विकासखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में मंगलवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकासखंड शाखा बकावंड का नव वर्ष मिलन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, सहसंयोजक अजय श्रीवास्तव तथा जिला सचिव अनिल गुप्ता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की एकता के लिए सभी कर्मचारियों को एकजुट रहने का आह्वान किया तथा यह भी कहा कि विकासखंड स्तर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान समारोह अनिवार्य रूप से आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए । नई सरकार से कर्मचारियों को काफी अपेक्षाएं भी हैं। यदि कर्मचारियों की जायज मांगे पूरी नहीं होती तो कर्मचारियों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

कार्यक्रम में मोतीलाल सोरी, अनंत राम कश्यप, गजेंद्र दिल्लीवार, सिदार, कृष्ण कुमार वर्मा, पंकज सेठिया, डेंसनाथ पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी मिश्रा, संजय चौहान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रतिमा स्थापना करने विधायक सावित्री ने की घोषणा**

# सुखदेव ने गांधीजी से स्वराजी ध्वजा लेकर चलाया था आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ प्रतिमा स्थापना के लिए 2 लाख रूपए देने की घोषणा

विकासखंड दुर्गुकोंदल के आदिवासी समुदाय के स्व. सुखदेव पातर हल्बा जनजाति के एक ऐसे देश भक्त जिन्होंने आजादी के पहले देश प्रेम में दुर्ग और धमतरी तक पैदल चलकर गाँधी से मिले और उनसे प्रेरित होकर स्वराजी ध्वजा लेकर दुर्गुकोंदल विकासखंड के राउरवाही पातर बगीचा में स्वराजी आंदोलन चलाते हुए लोगों को प्रेरित किया।



भानुप्रतापपुर क्षेत्र के विधायक सावित्री मंडावी को युवा प्रकोष्ठ आदिवासी हल्बा समाज लोहत्तर के द्वारा अवगत कराया कि भानुप्रतापपुर से महाराष्ट्र की ओर जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दुरी पर राज्य राजमार्ग 06 सोनादाई सिलपट मोड़ में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सुखदेव पातर हल्बा की प्रतिमा स्थापना करने के लिए आवेदन दिया गया था, मैने घोषणा किया कि उनकी प्रतिमा की स्थापना किया जाएगा और इसके लिए 2 लाख रूपएं देने की घोषणा किया। समिति के अध्यक्ष मन्नु दीवान व पूर्व अध्यक्ष विकास राजु नायक एवं पूर्व सचिव नंदकुमार गुरुवर युवा प्रकोष्ठ ने उनके द्वारा आजादी के समय दिए योगदान को आने वाले पीढ़ियों द्वारा याद रखा जाएगा।

पुण्यतिथि पर घरों में जले दीपक

आदिवासी हल्बा समाज के युवा प्रकोष्ठ के द्वारा आदिवासी समुदाय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुखदेव पातर के पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। युवाओ ने अपील किया था कि पातर हल्बा के नाम संध्या के बेला में 5 दीपक जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि देवें और उनके द्वारा देश हित के लिए किए गए योगदान को याद करें। उनके जैसे पुरोधा हमारे क्षेत्र में होना गौरव कि बात है। इस पल को और गौरवशाली बनाने का प्रयास करने के लिए यह अपील किया गया था, जिसमें कई युवाओ ने भागीदारी निभाई और श्रद्धांजलि दिया।

इस अवसर पर देवेंद्र टोहलिया, गांडा राम ठाकुर, प्रभा टोहलिया, अभिषेक ठाकुर, कैलाश टोहलिया, संतोष राना, अजित नायक, टोमेश नायक, दीपक देहारी, तेजप्रताप आमले, भवानी राणा, संगीता, कलिता टोहलिया सहित युवा प्रकोष्ठ के साथी उपस्थित रहे।

## शिविर में लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के ग्राम करंजी विकासखंड तोकापाल में चल रहे विशेष सात दिवसीय शिविर में 9 जनवरी को मेघा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेष रूप से सिकलिन बीमारी की जांच किट द्वारा किया गया। शिविर में 170 लोगों का सिकलिन जांच किया गया, जिसमें 6 लोगों का पॉजिटिव आया। अन्य ग्रामीण जनों को बीपी एवं शुगर बीमारी की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण स्वास्थ विभाग ने किया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर मीनाक्षी देहारी, इंदु रेखा साहू, रामेश्वर प्रसाद कश्यप एवं लक्ष्मण मौर्य उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम प्राचार्य बीएस रामकुमार के मार्गदर्शन में एवं संचालन शिविर प्रभारी निरंजन दास द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रशासन करेगी नागरिकों के समस्या का निराकरण



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के आम नागरिकों के शिकायतों और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मोबाइल नंबर जारी किया जा रहा है, इस प्रकार कोई भी व्यक्ति इस मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप या कार्यालय समय में कॉल कर अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकता है, जिनका निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

### मड़से में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 14 तक



**गीदम।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा के तत्वाधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़से में 8 से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। इस शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मड़से के सरपंच रामू राम वेक, विशेष अतिथि ग्राम पटेल लखमू राम व ग्राम पंचायत के पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार माला, सुरेश यादव, सुशांत ठाकुर एवं कॉलेज के समस्त प्राध्यापक व महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

### विधायक चैतराम ने विभागीय अधिकारियों से की परिचर्चा

**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सभी अधिकारियों से परिचर्चा करते हुए



कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करना है। प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता सुशासन के साथ कार्य किया जाना है। शासन के मंशा के अनुरूप प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस भूमिका का निर्वहन हमें जिम्मेदारी से पूरा करना है। शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ तय करें और उसका बेहतर क्रियान्वयन जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को करने को कहा। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समन्वय बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्राथमिकता देकर ग्रामीण जन तक इसका लाभ पहुंचाने और ग्रामीण जनों से भी शासन के योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही है।

### जैन समाज की महिलाओं ने बच्चों को दिए पाठ्य सामग्री



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत 52 भैया-बहनों को प्राची देवी सुराना, आशा डागा, ममता छाजेड़, च्राजुल बाफना, स्वाति बुरड़, किरण बुरड़ एवं साथियों द्वारा पाठ्य सामग्री प्रदान किया गया। साथ जो भैया-बहन मांसाहार का सेवन करते हैं, उन्हें उसका त्याग करने की समझाईश दी गई। भैया-बहनों को आशा डागा ने कहा कि हमें सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए। प्रकृति ने हमें विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ प्रदान किए है। हमें उनका सेवन करना चाहिए एवं मांसाहार का त्याग करना चाहिए। संतुलित एवं पौष्टिक आहार करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। समाज में जागरूकता लाकर हमें सबको समझाना है। कन्या भारती की बहनों के द्वारा तिलक वंदन स्वागत करने के पश्चात बसंती नायक व हेमा ने आभार प्रकट किया।

भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (2) के प्रावधानों पर हुई चर्चा

# अभिमत दे, किसी भी प्रकार की हड़ताल की आवश्यकता नहीं

## जिला प्रशासन, बैलाडीला ट्रक ऑनर व ड्राइवर एसोसिएशन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ड्राइवरों के हड़ताल को देखते हुए 10 जनवरी को कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, आरटीओ की टीम द्वारा बैलाडीला ट्रक ऑनर एसोसिएशन और ड्राइवर एसोसिएशन की मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग में प्रशासन द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(2) के प्रावधानों पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन की टीम द्वारा बताया कि यह नियम उन लोगों के ऊपर लागू होगा जिनके द्वारा एक्सीडेंट हो गया हो, और यदि उनके द्वारा पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना नहीं दी जाती है। यदि उनके द्वारा सूचना दी जाती है तो यह धारा लागू नहीं होगा और ना ही उनको सजा दी जाएगी। यह कानून लोगों की सुरक्षा के लिए लाया जा रहा था, ताकि सजा के डर से कम से कम इस बात की सूचना मिल जाए कि दुर्घटना हुई है और लोगों को इमरजेंसी सुविधाएं प्राप्त हो सके, समय पर पीड़ित को हॉस्पिटल पहुंचाया जा सके और जान बचाई जा सके।




यह कानून सिर्फ ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के चालक पर लागू नहीं होता, बल्कि हर उस व्यक्ति पर लागू होगा। जिनके द्वारा कोई भी वाहन चलाया जाता है एवं उनसे दुर्घटना होती है और उनके द्वारा सूचना नहीं दी जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए पत्र जारी कर बताया गया है कि यह कानून तब तक लागू नहीं होगा, जब तक ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के द्वारा सहमति से किसी निर्णय पर पहुंच नहीं जाते। यदि कोई वाहन चालक अपना पक्ष रखना चाहता है तो ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को अपना अभिमत दे सकते है, किसी भी प्रकार की हड़ताल की आवश्यकता नहीं है।

### सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से फैला रहे भ्रामक जानकारी से रहे सतर्क



**बीजापुर।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त बस संचालक, टैक्सी, बस यूनियन, ट्रांसपोर्टर एवं वाहन चालकों की बैठक लेते हुए हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार के अन्य साधनों के माध्यम से फैलायी जा रही भ्रामक जानकारी के बारे में स्पष्ट करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं हितग्राहियों से चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। बुधवार को लिए बैठक में इस विषय किसी भी प्रकार के भ्रामक जानकारियों से सतर्क रहने को कहा। कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि शासन पर विश्वास रखें, कभी भी यूनियन की मांग पर हड़ताल की स्थिति निर्मित होने पर जिले में शांति और सौहार्द्रपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अप्रिय स्थिति में प्रशासन अपनी भूमिका निभाएगी। साथ ही कलेक्टर ने सभी प्रतिनिधियों से आत्मीयतापूर्वक भेंट करते हुए परिचय प्राप्त किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी विनीत साहू, जिला परिवहन अधिकारी किशन मोहर, तहसीलदार बीजापुर डीआर ध्रुव सहित ट्रांसपोर्टर टैक्सी, बस यूनियन के सदस्य एवं वाहन चालक उपस्थित थे।

## अर्जुन के पौधों पर तसर कीट पालन की व्यापक संभावना

हरिभूमि न्यूज : बस्तर

बुनियादी बीज प्रगुणन केंद्र बस्तर का औचक निरीक्षण करने मंगलवार को डॉ. एनबी. चौधरी निदेशक केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची ने बस्तर जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किए जा रहे कीटपालन कार्य का अवलोकन किया।



यह कार्य बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्तर के वैज्ञानिक डॉ. बी. तिरूपम रेड्डी के द्वारा संपन्न किया जा रहा है, जिसका परिणाम आशाजनक रहा। डॉ. रेड्डी ने बताया कि तसर रेशम कीटपालन से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषकों को कोसा उत्पादन का लाभ मिलेगा। यह प्रयास इस परिक्षेत्र में प्रथम बार किया जा रहा है। डॉ. एनबी. चौधरी निदेशक ने अपने सघन दौरे के दौरान कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पौधरोपण कर अधिकाधिक लाभ कमाया जा सकता है। जिससे इस नई योजना को फलीभूत किया जा सकता है। इस अवसर पर केन्द्र के उर्मिला नाग, टीएच. सिद्धीकी, जी. गोपाल राव, सीपी. पांडे, शंकरलाल सहारे एवं सीपी. तिवारी उपस्थित रहे।

## आम जनता तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय में आज संपन्न हुई। बैठक में हूंगाराम मरकाम पूर्व जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।





आने वाले लोकसभा चुनाव में बस्तर लोकसभा सीट को विजय बनाने एवं केंद्र व राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होने की बात कही। अरुण सिंह भदौरिया प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने कहा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में अच्छा कार्य किया हैं। कुछ कमी रही जिससे चुनाव में हार मिली, लेकिन हिम्मत नहीं हारी हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने अच्छा कार्य किया हैं, आने वाले चुनाव में अधिक मतों से बस्तर के लोकसभा सीट में विजयी होंगे।

धनीराम बारसे जिला अध्यक्ष ने भाजपा के हाल में संपन्न हुए कार्यों की समीक्षा कर कमियों को दूर करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में एक्शन मोड पर काम करने की बात कही। इसके साथ ही संगठन के हर कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के साथ ही जनहित के मामलों को गंभीरता से उठाने कहा गया। वहीं आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण में विश्वहिंदू परिषद के साथ प्रत्येक घर में अक्षत, आमंत्रित कार्ड पहुंचाने में सहयोग करने एवं 25 जनवरी से जिला भर के जनता को अयोध्या राम मंदिर दर्शन कराने ले जाने को लेकर एवं मतदाता सूची में नाम जुड़ाने, नमो ऐप सरल ऐप के माध्यम से काम करने को लेकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, विश्वराज चौहान, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, नूपुर वैदिक, भुवनेश्वरी यादव, धर्मेंद्र मोनू भदौरिया, पूर्व जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, उपेंद्र चौहान, राधा नायक, टी विजेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला कार्यालय प्रभारी रामगोपाल राठौर, जिला मिडिया प्रभारी रमेश यादव सहित सभी पांचो मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ, शक्तिकेंद्र एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नपं अध्यक्ष के पहल पर नगर का मुख्य मार्ग हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर का आधा मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड से लेकर नया नाका तक राष्ट्रीय राजमार्ग में होने के बावजूद अंधेरे में डूबा रहता था, जिसके कारण राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मार्ग में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण कई बार इस मार्ग में हादसे भी घटित हुए। जबकि इसी मार्ग में नगर के कई महत्वपूर्ण कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है। जिस पर ध्यान आकर्षण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना और उनकी टीम ने कलेक्टर और विधायक के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर नगर के मुख्य मार्ग को रोशन करने की योजना बनाई। जिसके परिणाम स्वरूप नए वर्ष के शुरूआत से ही पुराना बस स्टैंड से लेकर फॉरेस्ट



नाका तक स्ट्रीट लाइट लगाकर नगर पंचायत गीदम के द्वारा नगर को नववर्ष की सौगात दी गयी। गौरतलब है कि जब से साक्षी सुराना नगर पंचायत अध्यक्ष बनी है तब से उनके द्वारा कोविड काल से लेकर अभी तक लगातार नगर हित में बहुत सारे कार्य किए जा रहे है, जिसका परिणाम है कि नगर का मुख्य मार्ग रोशन हो पाया है। साथ ही विभिन्न विकास कार्य प्रगतिरत है। नपं अध्यक्ष साक्षी सुराना ने कहा कि सेवा ही संकल्प है कि धारणा से मैंने अपना कार्यकाल प्रारंभ किया था किंतु शपथ ग्रहण करते ही कोरोना जैसी महामारी की वजह से 2 वर्ष सिर्फ कोरोना से नगर को सुरक्षित करने में लग गया।

## उपायुक्त ने बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

उपायुक्त डॉ. आनंद जी सिंह ने आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से वन टू वन चर्चा करते हुए अच्छी पढ़ाई करके अच्छे परिणाम लाने की बात कही। साथ ही प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की मीटिंग लेकर उन्हें 100 प्रतिशत रिजल्ट देने के निर्देश दिए। समस्त स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि निदानात्मक कक्षाएं लेकर उसमें छात्र-छात्राओं को इस तरह से पढ़ाया जाए कि वह उस विषय को बड़ी आसानी से समझ सकें। शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए विषय को



छात्र-छात्राएं पढ़कर सही से उत्तर दे सके। इसी के साथ पाठ्यक्रम को पूरा करते हुए छात्र-छात्राओं को सैंपल पेपर हल करवाये और उन्हें परीक्षा के लिए तैयार करें, जिससे कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आ सके। उपायुक्त ने कहा कि सफलता के तीन मंत्र हैं कठिन परिश्रम, दूर दृष्टि एवं पक्का इरादा। वहीं मनुष्य का एक ही शत्रु होता है आलस्य, जो कि सफलता के मार्ग में बाधा बनता है।

बच्चे टाइम टेबल बनाकर अपने रूम की बजाए क्लासरूम में रहकर पढ़ाई करें। इस दौरान प्राचार्य वृषभान खांडेकर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए अच्छे परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

## यूसीएमएएस राज्य स्तरीय एबेकस स्पर्धा में बस्तर के बच्चों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रायपुर के एक निजी स्कूल में आयोजित यूसीएमएएस राज्य स्तरीय एबेकस स्पर्धा में बस्तर के बच्चों का दबदबा रहा। स्पर्धा में जगदलपुर के एब्सलूट एबेकस क्लासेस से अलग-अलग लेवल में कुल 23 प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें 8वें लेवल में वृद्धि पिल्लई पहली रनर-अप एवं अंश कोटक को कोर्स पूर्ण करने हेतु मेडल एवं सम्मान पत्र मिला। छठवें लेवल में ऋत्विक वेलपुरी-चैंपियन, डी. अरनव आदित्य-प्रथम रनर-अप, तिसरे लेवल में अनमोल साव-चैंपियन, ख्याति साव-चौथे रनर-अप, दूसरे लेवल में श्रेयांश पाण्डे-चैंपियन, अच्युत गोयल प्रथम रनर-अप, प्रथम लेवल में असीम श्रीवास्तव पांचवे रनर-अप, जेड



लेवल में इशिका देवांगन ने दूसरे रनर-अप ने विजेता ट्राफी अपने नाम किया। साथ ही अरनव पटेल, चक्रधर पल्लपोटू, प्रकृति पाण्डे, प्रणव पल्लपोटू, अव्यांश साव, पूर्ति कुलकर्णी, पावनी कुलकर्णी, अनंत राम, नैतिक जैन को मेरिट ट्राफी से सम्मानित किया गया एवं अद्विका घोष, प्रयांश साव, आराध्य जोशी, अक्षिता सोनी, सिद्धी जैन को पार्टिशिपेशन ट्राफी प्रदान की गई। एब्सलूट एबेकस क्लासेस की संचालिका श्रीमती तृप्ती परिडा ने उक्त जानकारी दी।

## बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने कलेक्टर से की भेंट

**बीजापुर।** जिला प्रशासन बीजापुर एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिले में चल रहे कार्यक्रम बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अनुराग पांडेय को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही बीजादूतीर कार्यक्रम के विभिन्न विषयों के माध्यम से समुदाय में बाल विकास, सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ किशोरावस्था, पोषण में विविधता एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को लोगों तक प्रचार-प्रसार के विषय में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से कलेक्टर को अवगत कराया गया। स्वयं सेवकों द्वारा अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों का विवरण दिया गया तथा अपने अनुभव साझा किये गये। कलेक्टर ने स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन कर कार्यक्रम में पूर्णतः सहयोग करने का आश्वासन दिया, साथ ही स्वयं सेवकों



के साथ मासिक बैठक कॉफी विद कलेक्टर किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की। साथ ही सभी स्वयंसेवकों से मिलकर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर विकास सुनिश्चित करने के लिए सहमति दी। कलेक्टर द्वारा सभी स्वयंसेवकों को उनके कार्यों के लिए बधाई देते हुए भविष्य में समाज के विकास में किए जाने वाले सभी कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## राम राम जप भाजपा राम के ननिहाल दंडकारण्य को ही वीरान कर रही : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

देश में और छत्तीसगढ़ में वर्तमान में डबल इंजन की सरकार है। प्रदेश में सरकार बनते ही आदिवासियों के जीवन पर कुल्हाड़ी चलाना इस सरकार ने शुरू कर दिया है। भाजपा का अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का पुरजोर प्रयास शुरू हो चुका है। कांग्रेस सरकार में आदिवासियों के जिस हसदेव के विरोध पर पेड़ों की कटाई रोक दी गई थी, आज भाजपा ने राम के ननिहाल को उजाड़ने का आदेश दे दिया है। ये वही



भाजपा है जो राम राम कह सत्ता में आती है और राम के ही गमन क्षेत्र में खुलेआम दोहन की अनुमति देती है। भाजपा का वन्यप्राणी प्रेम भी छलावा है। विदेशों से वन्य प्राणियों को लाकर देश के जंगलों में छोड़ा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जंगल को साफ करने का आदेश भी दिया जा रहा है। भगवान राम के दंडकारण्य पर कुल्हाड़ी अपने उद्योगपति मित्रों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए चलवाई जा रही है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला महासचिव मनीष भट्टाचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### शीतल तिवारी एमएड की परीक्षा में रविवि में प्रथम



**भानुप्रतापपुर।** पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की मेरिट सूची जारी हुई जिसमें भानुप्रतापपुर की शीतल तिवारी ने एमएड में पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है बता दें वे भानुप्रतापपुर निवासी रमेश तिवारी की सुपुत्री है। उन्होंने शीतल को बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मासूम माहिरा को मिली नई जिंदगी




**कांकेर।** आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित कांकेर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गढ़पिछवाड़ी निवासी सरिता मंडावी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बताया कि उनके परिवार में उनकी बेटी को छोड़कर सभी का आयुष्मान कार्ड बना था। पिछले साल उनकी 07 वर्षीय बेटी माहिरा मंडावी का एक्सीडेंट हो गया था और उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी, जिसका ईलाज रायपुर में डीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में किया गया। बेटी का ईलाज के लिए अस्पताल में ही तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवाया और माहिरा का मुफ्त में सफल इलाज हो पाया।

### विधायक का धनोरा में शानदार किया स्वागत



**सरोना।** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक आसाराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू के साथ ग्राम पंचायत धनोरा पहुँचे, जहाँ पर महिलाओं के द्वारा आरती उतारकर पुष्प की वर्षा एवं आतिशबाजी ढोल नगाड़े के साथ नाचते हुए स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भागवत जैन, देसी भास्क,र सरपंच सुजीत नेताम, निरंजन गंजीर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक आसाराम नेताम ने कहा कि आप लोगों ने जिस उद्देश्य से विधायक बनाया है। उसमें आप लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

## निधन

### मोतीराम नरेटी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम डांगरा निवासी मोतीराम नरेटी (79) का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह डांगरा में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार शामिल हुए। वे शाउमा विद्यालय संबलपुर भानुप्रतापपुर के प्राचार्य आधारसिंह नरेटी के पिता जी थे एवं अघनसिह नरेटी गोंडवाना समाज दुर्गुकोंदल सर्कल अध्यक्ष के बड़े पिताजी थे।

# हसदेव अरण्य बचाने के लिए निकले सायकिल यात्री का आदिवासी युवकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित हसदेव अरण्य का मामला में हसदेव अरण्य को बचाने के लिए धमतरी जिले के एक युवक साइकिल यात्रा पर है। युवक पूरे बस्तर घूमकर बुधवार को भानुप्रतापपुर पहुँचे यहां आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में युवकों ने उसका स्वागत किया। यात्रा कर रहा युवक योगेश मरकाम ने बताया वह 9 दिसम्बर से कोंडागांव जिले से यात्रा का शुभारंभ किया है। अब तक बस्तर के पूरे जिले में भ्रमण कर लिया है। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ के सभी जिले में घूमकर हसदेव बचाव का संदेश देंगे। इस दौरान आदिवासी समाज से विश्णु कचलाम, ज्ञान सिंह गौर,राकेश दर्रो, रवि दुग्गा,गेंदलाल हीड़को समेत भानुप्रतापपुर के अन्य समुदाय के लोगों ने युवक का स्वागत किया। आदिवासी युवाओं का कहना है कि चंद बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाने के लिए जंगल को काटा जा रहा है। वहां रहने वाले हजारों आदिवासियों को अपने घर से बेघर किया जा रहा है। अपने हक के लिए आवाज उठाने वाले आदिवासियों को जेल में डाला जा रहा है। दरअसल, हसदेव अरण्य क्षेत्र में केंद्र सरकार ने कोल खनन के लिए नीलामी की थी। जिसे आदिवासी समाज के लोग निरस्त करने की मांग कर रहे है। जानकारी के मुताबिक कोल खनन के लिए 1,136 हेक्टेयर जंगल को काटा जाना है। जिसमें से 137 हेक्टेयर जंगल के क्षेत्र को अभी तक काटा जा चुका है। कांग्रेस की सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में वन कटाई पर कड़ाई से रोक भी लगाई थी लेकिन बीजेपी की सरकार बनते ही एक बार फिर कंपनी ने कटाई करना शुरू कर दिया है।

### यात्री योगेश ने कोण्डागांव से की यात्रा की शुरूआत




#### इस वजह से हो रहा है कटाई का विरोध

आपको बता दें कि हसदेव अरण्य को मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाता है। यह जंगल क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ के 3 जिलों में फैला हुआ है। इसमें कोरबा, सूरजपुर और सरगुजा जिला आता है। कई आदिवासी जातियों के साथ यहां कई दुर्लभ वनस्पति पाई जाती है। कटाई से कई आदिवासी लोगों के रहने का घर छिन जाएगा। इसके साथ ही यहां पाई जाने वाली दुर्लभ और लुप्त होने वाली वनस्पतियों के नुकसान होने की संभावना है। जिसके चलते इसका विरोध हो रहा है।

## शिविर : सेलेगांव का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

# सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट कारगर और सरल उपाय : नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव का सात दिवसीय विशेष शिविर आवासपारा सेलेगांव में नशा मुक्ति के लिए युवा थीम पर आयोजित है। बौद्धिक चर्चा के पंचम दिवस हमर लक्ष्य के तहत एस एस कोमरे विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा जनपद प्राथमिक शाला सेलेगांव आवास पर प्राथमिक शाला सेलेगांव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेलेगांव एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त विद्यार्थियों को एचएमटी यानी हेल्थ, मैनेजमेंट एंड टाइम को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर फोकस करते हुए प्रत्येक दिवस तीन प्रश्न से पांच प्रश्न लिखकर लिखकर याद करने की बात कही तथा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए मेला मड़ई आदि में घूमने को कम करने व मोबाइल का उपयोग जरूरत पड़ने पर ही करने की बात कही। आगे इन्होंने कहा कि प्रति दिवस 4 से 5 घंटे नियमित पढ़ाई करना चाहिए। इन्होंने आगे कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप कठोर परिश्रम करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। साथ ही साथ सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने व परीक्षा के समय तक उससे दूर रहने की बात भी कही गई राष्ट्रीय सेवा योजना के श्रम सेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस कैंप में सीखे हुए अनुशासन को अपने जीवन में लागू करने की बात करें हर कार्य को पूरी मेहनत व लगन से बौद्धिक चर्चा में भानुप्रतापपुर राष्ट्रीय सेवा योजना निकाय के कार्यक्रम अधिकारी श्री भागीरथी नायक एवं के एल कटेंद्र ने एनएसएस के दिनचर्या का पालन करते हुए बड़े अधिकारी बनने व राज्य के टॉप टेन में स्थान बनाने राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुशासन को महत्व दिया। अनुशासित होकर ही समाज सेवा, अच्छे नागरिक, सेवा भावना, व्यवहारिकता, नैतिकता आदि के गुणों का विकास होता है अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय प्राथमिक शाला आवासपारा के प्रधानाध्यापक नारायण सिंह भुआर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी सेवाएं कुछ महीने ही बचा है चालीस वर्ष की सेवाएं इसी ग्राम में की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सुमन ठाकुर, प्रमिला कोरेटी, पुकेशवर साहू, बरसन राम, साहू, श्रीमती इंदु बघेल, दिलीप साहू, जागृति ध्रुव, गायत्री भुआर्य, लीना दुग्गा समस्त स्कूली बच्चे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एनएसएस कैंप में नशे के खिलाफ का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भानबेड़ा द्वारा जलीनकसा में नशा मुक्ति उन्मूलन के लिए युवा की थीम पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में 55 स्वयंसेवक शामिल हैं शिविर में स्वयंसेवक प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी के साथ पीटी ,व्यायाम, योग के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत करते हैं दूसरे दिन प्रति दिवस की भांति परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वच्छता अभियान गांव में चलाया गया ग्रामीण लोगों के साथ जानकारियां एकत्र की गई बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के तहत नाटक का आयोजन किया गया तृतीय दिवस में परियोजना कार्य के अंतर्गत गलियों की साफ सफाई, नल के आसपास की साफ सफाई तथा सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया।

रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया समस्त कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी बलिराम उइके तथा सहायक देवेंद्र मांझी के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य लिनुस मिन्ज के दिशा निर्देश पर संचालित हो रहे हैं।

### एमआरएफ सेंटर के कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने रविवार को बाबू सेमरा स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर के कायोंर् और गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने सेंटर के समीप कचरा प्रबंधन के लिए अन्य विकास कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को दिए।

# हसदेव बागो में पेड़ों की कटाई पर कांग्रेस नेता जवाब दें : चौहान

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा भानु प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि हसदेव बागो में पेड़ों के कत्लेआम और जंगलों को सफाचट मैदान में बदल देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व तत्कालीन उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब दें कि आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और इन दोनों छत्तीसगढ़िया कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए अनुमति दे दी गई और दिन रात अंधाधुंध कटाई करके जंगल को मैदान में बदल दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि जब सिंहदेव उपमुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब कहा करते थे कि हसदेव बागो के जंगल को बचाने के लिए लाठी गोली खाने तैयार हैं। यदि गोली चली तो पहले गोली अपने सीने पर झेलेंगे और तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा करते थे कि पेड़ तो क्या एक डगाल तक नहीं कटेगी। लेकिन फिर अचानक क्या हुआ राहुल गांधी सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सिंहदेव के बीच कौन सी संधि हो गई कि भूपेश बघेल ने जंगल कटाई की इजाजत दे दी और सिंहदेव ने अपने मुंह पर ताला लगा दिया। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ यह धोखेबाजी क्यों की।

# शिक्षक संघ ने बीईओ साहू से की मुलाकात



**चारामा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चारामा द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी केशव राम साहू से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान शिक्षा गुणवत्ता, सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पास बुक की द्वितीय प्रति संधारण, एचआर भत्ता एरियर्स, सेवा निवृत्त शिक्षकों के दायित्वों का समय में भुगतान, सेवा पुस्तिका में नामिनी एवं आवश्यक दस्तावेज संधारण, विकास खंड स्तरीय परामर्शदात्री बैठक तथा शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा इन सभी समस्याओं की निराकरण का आश्वाशन दिया गया। इस अवसर पर जिला शाखा सचिव पेशी राम कुंजाम, जिला सह सचिव सुनिता वाल्मीकि, ब्लाक अध्यक्ष जौहर सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष कांतेश्वरी तेता, सचिव केके पम्मार, कोषाध्यक्ष चिंता राम बनपेला, चमनलाल सिन्हा, बी डेनियल, दिनेश कुमार साहू, सिंह नेताम, सुरज कुमेटी, विकास मिश्रा, राम गुलाल साहू व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# आईटी के छात्र-छात्राओं को कराया गया विंटर इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शाउमा विद्यालय मुरडोंगरी में व्यावसयिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी में अध्यनरत 11वीं एवं 12वीं के 36 छात्र छात्राओं का विंटर इंटर्नशिप कराया गया। विद्यालय के प्रचार्य हरीश कुमार साहू के दिशा निर्देशन एवं आईटी प्रशिक्षक प्रवीण कुमार बंजारे का मार्गदर्शन रहा।

माकड़ी चॉइस सेंटर के आशीष पटेल के द्वारा आईटी के छात्र छात्राओं को फोटोकॉपी मशीन से फोटोकॉपी करना एवं प्रिंटर द्वारा प्रिंटआउट निकालना सिखाया गया। पेनड्राइव के द्वारा फ़ाइल को एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस में ट्रांसफर और इसके द्वारा फ़ाइल का प्रिंट आउट निकालना सिखाया गया। छात्रों में उत्साह के साथ प्रश्न भी किया गया एवं 12 वीं के छात्रा रितु नेताम के द्वारा पेनड्राइव के बारे में उपयोग और उसके स्टोरेज के बारे में पूछा गया। छात्र छात्राओं को इसके साथ फोटोस्टूडियों में फोटो लेने और कैमरे के बारे में बताया और पासपोर्ट फोटो निकालने के बारे में बताया गया। छात्र एवं छात्राओं को चॉइस सेंटर मुरडोंगरी में भी विजिट कराया गया, जिसमें मिथुन पटेल के द्वारा छात्र छात्राओं को पीडीएॅफ़, इमेज, डॉक्यूमेंट के बारे में बताया कि किस तरह से हम इसका प्रिंट आउट निकलते है। इंटर्नशिप का मुख्य उदेश्य छात्र एवं छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस इंटर्नशिप के लिए छात्र छात्राओं को परिश्रमिक राशि प्रदान की जाएगी।

# संकुल समन्वयक संघ चारामा की हुई बैठक

**चारामा।** छत्तीसगढ़ संकुल समन्वयक संघ ब्लाक चारामा के पदाधिकारियों की बैठक 9 जनवरी को बीआरसी भवन में रखा गया। बैठक में संकुल समन्वयकों के विभिन्न अकादमी विषयों पर चर्चा किया गया और संकुल स्तर पर स्कूलों में शासन की योजनाएं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने और पढ़ाई व्यवस्था पर कसावट लाने की बात कहीं गई हैं। समन्वयक परसोदा कमलेश गावड़े संकुल और समन्वयक बड़ेगौरी मनीष तिवारी को संकुल समन्वयक संघ के जिला मिडिया प्रभारी बनाया गया। आयोजित बैठक में ब्लाक चारामा के पदाधिकारी देवेन्द्र कश्यप, मिथिलेशकर शर्मा,



उदय देवांगन, अशोक यादव, धनराज नागराज, चिंताराम गंगबेर, संतोष यादव, शिव कुमार देवांगन, वीरेन्द्र मेहता, चिंतामणी यादव, उत्तम बघेल, रोमहर्षण नागवंशी, पवन जैन, चिंताराम बनपेला, संतोष यादव, ठाकुर राम भुआर्य, जनक राम जुर्री, रिकेश्वर कुमार साहू व दिनेश साहू उपस्थिति रहें।

# आयोध्या के निमंत्रण के लिए घर-घर पहुंच रहा अक्षत कलश

**चारामा।** नगर में घर-घर अक्षत अभियान के तहत 1 से 15 जनवरी तक श्रध्दालुओ द्वारा सुबह 7 बजे से 8 बजे से प्रभात फेरी एवं शाम को 7 से 8 बजे तक संध्या फेरी निकाली जा रही हैं। रैली में छोटे बच्चो से लेकर बुजुर्ग एक साथ राम का गान करते हुए रैली में शामिल हो रहे हैं। रैली में जय श्रीराम के गुंज के साथ नगर राम नाम से मंत्रमुग्त हो गया है। सुबह शाम नगर के वार्ड मोहल्ले में राम नाम की गुंज सुनाई दे रही हैं। बताते की 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। इस निमंत्रण के लिए आयोध्या धाम से भेजे गएं पूजित प्रत्येक घर पहुंचाने का महा अभियान रैली निकालकर किया जा रहा है। शेखर सोनकले ने बताया कि जनजागरण अभियान किया जा रहा है। समर्पण लेने आए थे, निमंत्रण देने भी आऐंगे, हर मंदिर को राम मंदिर, हर मोहल्ला आयोध्या बनाएंगे के नारे लगाए गए। नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों को अधिक मात्रा में शामिल होने की बात कही गई।



## विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

# क्रिकेट में बस्तर व कबड्डी स्पर्धा में हामतवाही की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के आश्रित ग्राम डांगरा में दो दिवसीय क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण नवयुवक संगठन डांगरा के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में क्रिकेट में प्रथम बस्तर फाइटर दुर्गुकोंडल, द्वितीय डांगरा रहा। कबड्डी में प्रथम हामतवाही, द्वितीय डांगरा एवं वॉलीबॉल में प्रथम खरथा, द्वितीय अलबेला रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मंडावी, अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिह आचला, विशेष अतिथि जनपद सदस्य जोहन गवाड़े, धनीराम ध्रुव, मुकेश्वरी नरेटी, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश नेताम के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विजयी टीम को पुरस्कार नगद राशि दिया गया। मुख्य अतिथि सावित्री मंडावी ने कहा की खेलकूद से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है। खेल के माध्यम से बच्चों को एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है साथ ही सीखने को मिलता है। ग्रामीण खेलकूद लोगों का एक मनोरंजन का प्रमुख साधन है, जिससे बच्चे देखकर सीखते हैं वही गांव में खेलकूद आयोजन करने से ग्रामीण गांव वालों का माहौल एक जोड़ने का अवसर मिलता है। लोग एक दूसरे से मिलते हैं संबंध बढ़ता है, इसलिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का होना अति आवश्यक है। भविष्य में भी ऐसी खेलकूद कर लोगों का उत्साह वर्जन एवं बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास होता है, खेलकूद में हार जीत लगा रहता है एक टीम हारेगी तो दूसरी टीम जीतेगी। इस प्रकार से खिलाड़ियों को हार जीत से चिंता नहीं करना चाहिए आज हार है तो कल जीत है। समापन समारोह में अन्य अतिथियों ने भी संबोधन में खेलकूद को महत्व देते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया गया और भविष्य में खेलकूद आयोजन करने की बात कही गई।

समापन समारोह कार्यक्रम में आयोजन समिति के संरक्षक बृजलाल मरकाम, रमेश नरेटी, बृजलाल टोपा, ग्राम पटेल श्रीराम नरेटी, तेंदूपत्ता दुर्गुकोंदल प्रबंधक रामसाय गावडे, डिप्टी रेंजर सोमनाथ कोडोपी, सेवानिवृत्ति परियोजना महिला अधिकारी अहिल्या ध्रुव, तोपां, चमेली सलाम, राजेंद्र नरेटी, भारती, विजय कोवाची, टिकेश्वर नरेटी, उपसरपंच बीसऊराम मरकाम, विजय मरकाम, भागवत नरेटी एवं अन्य समिति के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।




